web: www.nyaysakshi.com | पृष्ठ-2 में पढ़ें संपादकीय-खेल-व्यापार-धर्म-खाना खजाना-राशिफल | पृष्ठ-3 में पढ़ें छत्तीसगढ़-प्रादेशिक

Social Justice Union — Govt. Registered

दैनिक
# न्याय साक्षी
अधिकार से न्याय तक

**आवश्यक सूचना**
आप सभी को सूचित करते हर्ष हो रहा है, कि न्यायसाक्षी अधिकार से न्याय तक का सर्वे का कार्य तेजी से चल रहा है, जल्द ही सर्वे की टीम आपके घर विजिट करेगी, कृपया अपनी प्रति सुरक्षित कराएं।

RNI NO - CHHHIN/2018/76480 | Postal Registration No-055/Raigarh DN CG | रायगढ़, शनिवार 01 जून 2024 | पृष्ठ-4, मूल्य 3 रुपए | वर्ष-06, अंक- 244

## यूपी के मिर्जापुर में लू का कहर : चुनाव ड्यूटी में तैनात 13 कर्मचारियों की मौत, मृतकों में 6 जवान भी शामिल

**लखनऊ । आरएनएस**

उत्तर प्रदेश के मिर्जापुर में भीषण गर्मी अब जानलेवा बन गई है। यहां चुनाव ड्यूटी में तैनात 13 कर्मचारियों की मौत हो गई है। मृतकों में चुनाव ड्यूटी में तैनात 6 सुरक्षा कर्मी भी शामिल हैं। ये सभी कर्मचारी तेज बुखार से पीड़ित थे।

मिर्जापुर मेडिकल कॉलेज के प्रिंसिपल आरबी लाल ने बताया, हमारे पास कुल 23 जवान आए हैं जिनमें 6 जवानों की जान चली गई है। 2 जवानों की हालत गंभीर है। मृतकों को तेज बुखार था, उनका बीपी बहुत ज्यादा था और शुगर लेवल भी बहुत ज्यादा था। ब्रेन स्ट्रोक की संभावना थी। मुझे बताया गया कि यहां लाए जाने से पहले ही वे बेहोश हो गए थे... वे यहां चुनाव ड्यूटी पर थे। वहीं पीटीआई की रिपोर्ट के मुताबिक मिर्जापुर में चुनाव ड्यूटी में तैनात अब तक कुल 13 चुनाव कर्मचारियों की मौत हो चुकी है।



लोकसभा चुनाव के आखिरी और सातवें चरण की वोटिंग के लिए चुनाव ड्यूटी में आए कर्मचारियों को भीषण लू ने अपनी चपेट में ले लिया। इन कर्मचारियों की तबीयत खराब होने लगी और इन्हें अस्पताल में भर्ती कराना पड़ा। चुनाव कर्मचारियों की मौत से प्रशासन के हाथ पांव फूल गए।

बता दें कि पूरे उत्तर भारत में गर्मी के सारे रिकॉर्ड टूट गए हैं। तापमान 50 डिग्री सेल्सियस से ऊपर चला गया है। दर्जनों लोग लू का शिकार होकर अपनी जान गवां चुके हैं। मिर्जापुर में भी भीषण गर्मी पड़ रही है। वहीं शनिवार को यहां पारा और चढ़ने का अनुमान है। शुक्रवार को चिलचिलाती धूप में चुनाव ड्यूटी कर रहे जवानों की तबीयत बिगड़ गई और उन्हें जिला अस्पताल में भर्ती कराना पड़ा जहां 6 जवानों की मौत हो गई।

### ओडिशा के सुंदरगढ़ में हीट स्ट्रोक से 12 लोगों की मौत

**भुवनेश्वर । आरएनएस**

ओडिशा में भीषण गर्मी का प्रकोप जारी है। लोगों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। इस बीच राज्य के सुंदरगढ़ में बीते 24 घंटे के दौरान हीट स्ट्रोक से 12 लोगों की मौत हो गई।



आधिकारिक सूत्रों के अनुसार, लू लगने से चार लोगों की मौत हो गई। वहीं कई लोगों का राउरकेला सरकारी अस्पताल (आरजीएच) में इलाज चल रहा है।

सुंदरगढ़ के एडीएम आशुतोष कुलकर्णी ने कहा, गुरुवार रात को मरने वाले आठ लोगों का पोस्टमार्टम किया जाएगा। उनकी मौत का सही कारण जल्द ही पता चल जाएगा। फिलहाल, हाई-टेक अस्पताल में दस और आरजीएच अस्पताल में 23 अन्य लोगों का इलाज चल रहा है। उनकी हालत स्थिर बताई जा रही है। मरीजों की संख्या बढ़ने की स्थिति में अतिरिक्त कमरे तैयार रखे गए हैं।

उन्होंने कहा कि आज भी गर्म हवाएं जारी रहने का अनुमान है। हम सभी से अपील कर रहे हैं कि वे घर के अंदर ही रहें। दिन के समय किसी भी काम के लिए बाहर न जाएं।

हम यह सुनिश्चित करेंगे कि सभी लोग दिन के समय के दौरान किसी भी काम में मजदूरों को शामिल न करने के निर्देशों का सख्ती से पालन करें। किसी भी उल्लंघन के मामले में जिला प्रशासन कार्रवाई करेगा।

मौसम विभाग के सूत्रों के अनुसार, राउरकेला में गुरुवार को 44.9 डिग्री सेल्सियस तापमान दर्ज किया गया, जबकि सुंदरगढ़ में पारा 43.6 डिग्री तक पहुंच गया।

## महत्वपूर्ण एवं खास

### जम्मू-कश्मीर के पुंछ में सुरक्षाबलों और आतंकवादियों के बीच मुठभेड़

**जम्मू (आरएनएस)।** जम्मू-कश्मीर के पुंछ जिले में सुरक्षाबलों और आतंकवादियों के बीच मुठभेड़ हुई है। अधिकारियों ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। अधिकारियों ने बताया कि कुछ देर चली यह मुठभेड़ गुरुवार देर रात पुंछ जिले के मारहा बुफलियाज इलाके में हुई। एक अधिकारी ने कहा, कल देर रात सुरक्षाबलों को इलाके में आतंकवादियों की मौजूदगी के बारे में खुफिया जानकारी मिली थी। पुलिस और सेना ने डेरा की गली के पास मारहा बुफलियाज इलाके में तलाशी अभियान शुरू किया। ऑपरेशन के दौरान छिपे हुए आतंकवादियों ने सुरक्षाबलों पर गोलीबारी कर दी जिससे कुछ देर तक दोनों पक्षों के बीच मुठभेड़ हुई। हालांकि कुछ देर बाद आतंकवादी अंधेरे का फायदा उठाकर मौके से भाग गये। अधिकारी ने कहा, आतंकवादियों की तलाश में तलाशी अभियान शुरू कर दिया गया है।

### कंटेनर ने रेलवे क्रॉसिंग पर खड़े वाहनों को मारी टक्कर, तीन की मौत

**अमेठी (आरएनएस)।** उत्तर प्रदेश के अमेठी में शुक्रवार तडक़े एक तेज रफ्तार कंटेनर ने रेलवे क्रॉसिंग पर खड़े कई वाहनों को टक्कर मार दी। हादसे में तीन लोगों की मौत हो गई है जबकि एक गंभीर रूप से घायल है। बताया जा रहा है कि दुर्घटना कमरौली थाने के पास इंडोरामा रेलवे क्रासिंग पर आज तडक़े करीब तीन बजे हुई। रेलवे क्रॉसिंग बंद होने के कारण कई वाहन वहां खड़े थे। तभी पीछे से तेज रफ़्तार से आए एक कंटेनर ने खड़े वाहनों को टक्कर मार दी। टक्कर इतनी जोरदार थी कि कई वाहनों के परखच्चे उड़ गये। सूचना पर पहुंची पुलिस ने मौके पर मौजूद लोगों के सहयोग से दुर्घटनाग्रस्त वाहनों में फंसे लोगों को निकाला। उन्हें अस्पताल भेजा गया जहां डॉक्टरों ने तीन को मृतक घोषित कर दिया। एक घायल को इलाज के लिए लखनऊ ट्रामा सेंटर भेजा गया है।

### दिल्ली से श्रीनगर जा रहे विमान को बम से उड़ाने की धमकी, तुरंत हरकत में आए अधिकारी

**नईदिल्ली (आरएनएस)।** जम्मू कश्मीर की ग्रीष्मकालीन राजधानी श्रीनगर के हवाई अड्डे पर शुक्रवार को उस वक्त अफरा-तफरी का माहौल बन गया जब एक विमान को बम से उड़ाने की धमकी भरी कॉल आई। इस पर श्रीनगर इंटरनेशनल एयरपोर्ट के अधिकारियों ने तुरंत कार्रवाई की। एक घंटे तक चली जांच प्रक्रिया में सभी के हाथ-पांव फूले रहे। इस दौरान हवाई अड्डे पर सभी उड़ान संचालन रोक दिए गए। हालांकि जांच के दौरान कॉल अविश्वसनीय पाई गई। इसके बाद हवाई अड्डे पर सामान्य परिचालन शुरू कर दिया गया है। जानकारी के अनुसार, दिल्ली से श्रीनगर आ रही विस्तारा की फ्लाइट यूके611 को बम से उड़ाने की धमकी मिली एयर ट्रैफिक कंट्रोल (एटीसी) श्रीनगर को इसकी सूचना मिली। इसके बाद केंद्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल ने तुरंत कार्रवाई की। एयरपोर्ट के एक अधिकारी ने फोन पर पुष्टि करते हुए कहा कि धमकी को अविश्वसनीय माना गया है। सामान्य परिचालन फिर से शुरू कर दिया गया है। अधिकारियों ने कहा कि श्रीनगर हवाई अड्डे पर हवाई यातायात नियंत्रण (एटीसी) को नई दिल्ली से एयर विस्तारा की एक उड़ान में बम की धमकी मिली, जिसके बाद केंद्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल (सीआईएसएफ) सहित अधिकारियों ने प्रतिक्रिया दी, जो हवाई अड्डे की सुरक्षा के लिए जिम्मेदार है।

### एक्ट्रेस रितुपर्णा सेनगुप्ता को जांच एजेंसी ने किया तलब, मुलाकात की तारीख तय

**कोलकाता (आरएनएस)।** बंगाली अभिनेत्री रितुपर्णा सेनगुप्ता पर कानून का शिकंजा कसता जा रहा है. पश्चिम बंगाल में कथित राशन वितरण घोटाले पर प्रवर्तन निदेशालय ने गुरुवार को उन्हें क समन जारी किया है. इस सिलसिल में उन्हें आगामी 5 जून को अधिकारियों के सामने पेश होने के लिए कहा है. मामले की जानकारी रखने वाले अधिकारी ने बताया कि, अभिनेत्री सेनगुप्ता को कोलकाता में एजेंसी के कार्यालय में प्रवर्तन निदेशालय के अधिकारियों के सामने पेश होने के लिए कहा गया है. उन्हें 5 जून तक का वक्त दिया है. मालूम हो कि, रोज़ वैली चिट फंड घोटाले के मामले में सेनगुप्ता से 2019 में प्रवर्तन निदेशालय द्वारा पूछताछ की गई थी. जहां एक ओर ईडी के रितुपर्णा सेनगुप्ता को समन के बाद एक भार फिर वह खबरों में है, तो वहीं दूसरी ओर इस मामले में लोगों को उनकी प्रतिक्रिया का इंतजार है. हालांकि फिलहाल तक इसे लेकर उनकी ओर से कोई बयान सामने नहीं आया है.

## गंगोत्री हाईवे पर चट्टान गिरने से 1 की मौत- 08 घायल, मलबे में दबीं कई गाड़ियां

**उत्तरकाशी । आरएनएस**

उत्तराखंड चारधाम यात्रा में दर्दनाक सडक़ हादसा हुआ है। गंगोत्री हाईवे पर चट्टान के गिरने से एक यात्री की मौत हो गई है। हादसे में पांच अन्य यात्री भी घायल हैं। हादसे के बाद यात्रा को रोका गया है। घटना के बाद राहत व बचाव का कार्य जारी है। मलबे में कई गाडिय़ां भी दबीं हैं। शुक्रवार दोपहर को गंगोत्री राष्ट्रीय राजमार्ग पर डबरानी के पास पहाड़ी से पत्थर गिरने की सूचना मिली थी। हादसे में कई गाडिय़ों समेत कुछ लोगों के मलबे में दबे होने की आशंका भी जताई गई थी। हादसे की सूचना मिलते ही पुलिस, एसडीआरएफ, एनडीआरएफ की टीमें मौके पर राहत व बचाव कार्य के लिए रवाना हो गईं। पुलिस-प्रशासन की टीम ने तुरंत ही मौके पर रेस्कयू ऑपरेशन शुरू कर दिया है। प्रशासन की ओर से हाईवे पर गाडिय़ों को रोका गया है। बताया कि हाईवे पूरी तरह से सुरक्षित होने पर ही यात्रियों को रवाना किया जाएगा। हादसे के बाद हाईवे पर गाडिय़ों की लंबी-लंबी लाइनें लग गई हैं।

बताया जा रहा है कि दोपहर करीब 12:59 बजे डबरानी के पास पहाड़ी में आग लगने से चट्टान गिरने की घटना घटी। हाईवे पर चट्टान गिरने के कारण कुछ लोग मलबे में दब गए हैं। सूचना पर पुलिस टीम तुरंत मौके पर पहुंची और घायलों का रेस्क्यू किया। अभी तक 1 मृतक, 8 घायलों का रेस्क्यू किया जा चुका है। सभी लोग देहरादून के बताए जा रहे हैं.

घटनास्थल से 6 घायलों को 108 एम्बुलेंस सेवा के जरिए इलाज के लिए प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र हर्षिल ले जाया गया जबकि अन्य 2 घायलों को जिला चिकित्सालय उत्तरकाशी पहुंचाया गया। हर्षिल प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र के प्रभारी चिकित्साधिकारी डॉ. विक्रम मंडल ने बताया कि डबरानी हादसे के कुल 8 घायलों को स्वास्थ्य केंद्र लाया गया। सभी को गुम चोटें आई हैं। कोई भी अभी बातचीत की स्थिति में नहीं है।

## मुंबई की काम्या कार्तिकेयन ने 16 साल की उम्र में फतह किया माउंट एवरेस्ट

**नईदिल्ली । आरएनएस**

मुंबई की रहने वाली 16 साल की काम्या कार्तिकेयन ने इतिहास रच दिया. उन्होंने हाल ही में माउंट एवरेस्ट चढऩे का खिताब अपने नाम कर लिया. इसी के साथ वह भारत की सबसे कम उम्र की और दुनिया की दूसरी सबसे कम उम्र लडक़ी बन गईं, जिसने दुनिया की सबसे ऊंची चोटी माउंट एवरेस्ट को फतह किया हो. काम्या का कहना है कि, मैंने हाल ही में माउंट एवरेस्ट पर चढ़ाई की. मैं नेपाल की ओर से माउंट एवरेस्ट पर चढऩे वाली दुनिया की दूसरी सबसे कम उम्र की लडक़ी और सबसे कम उम्र की भारतीय बन गई हूं.

काम्या कार्तिकेयन का कहना है कि, यह बहुत लंबे समय से मेरा सपना रहा है, आखिरकार इसे हासिल करना और सुरक्षित वापस आना मेरे लिए सुखद और अच्छा रहा. उन्होंने कहा कि जब मैं 7 साल की थी तब मैंने अपना पहला हिमालयी ट्रेक किया था, तभी से मुझे ट्रैकिंग का शौक लग गया. काम्या कहती हैं कि 2017 में मैंने एवरेस्ट बेस कैंप तक ट्रैकिंग की. माउंट एवरेस्ट मेरे लिए 7 शिखरों में से छठा था.



बता दें काम्या कार्तिकेयन के पिता भारतीय नौसेना में एक अधिकार हैं. काम्या मुंबई के नेवी चिल्ड्रन स्कूल में बारहवीं की छात्रा हैं उनके पिता एस. कार्किकेयन भारतीय नौसेना में एक अधिकारी हैं. बता दें कि उनके साथ उनके पिता ने भई माउंट एवरेस्ट पर चढ़ाई की थी. उन्होंने 20 मई 2024 को नेपाल के रास्ते माउंट एवरेस्ट को सफलतापूर्वक फतह कर लिया. काम्या ने सात महाद्वीपों में से छह सबसे ऊंची चोटियों पर चढ़ाई करने में सफलता पाई है. काम्या का लक्ष्य इस साल दिसंबर में अंटार्कटिका के माउंट विंसन मैसिफ पर चढऩा है. जिससे वह वह दुनिया की सात सबसे ऊंची चोटियों को फतेह करने की चुनौती को पूरा करने वाली सबसे कम उम्र की लडक़ी बन जाएं.

काम्या कार्तिकेयन ने भले ही 16 साल की उम्र में माउंट एवरेस्ट फतह किया हो लेकिन उनका ये शौक बचपन का है. जब वह महज तीन साल की थीं तब से ही उन्हें ट्रैकिंग का शौक लग गया था. जब वह सात साल की हुईं तो वह अपने माता-पिता के साथ उत्तराखंड के एक शिखर को फहत करने पहुंच गईं थी. जब वह 9 साल की थीं तब उन्होंने लद्दाख की चोटी को फतह करने में सफलता पाई थी. बता दें कि प्रधानमंत्री मोदी भी 'मन की बात' में काम्या की उपलब्धियों का उल्लेख कर चुके हैं.

## आयकर विभाग की कार्यवाई, जब्त की 1100 करोड़ रुपए की नकदी और जेवर

**नईदिल्ली । आरएनएस**

लोकसभा चुनाव के दौरान आयकर विभाग ने ताबड़तोड़ छापेमापी कर अब तक सैकड़ों करोड़ की नकदी और आभूषण जब्त किए हैं. सूत्रों के मुताबिक, 30 मई की शाम तक आयकर विभाग ने लोकसभा चुनाव के दौरान 1100 करोड़ रुपये की नकदी और जेवर जब्त किए हैं. जो 2019 के लोकसभा चुनाव की तुलना में 182 प्रतिशत अधिक है. बता दें कि 2019 के लोकसभा चुनाव के दौरान भी इनकम टैक्स डिपार्टमेंट ने इस तरह की कार्रवाई करते हुए 390 करोड़ रुपये की नकदी और गहने जब्त किए थे.




बता दें कि चुनाव आयोग ने इस साल 16 मार्च को लोकसभा चुनाव की तारीखों का ऐलान किया था. इसके बाद ही देशभर में आदर्श आचार संहिता लागू हो गई थी. उसके बाद से आयकर विभाग ने एक तय सीमा से अधिक की नकदी और सोने-चांदी के आभूषण ले जाने वालों पर शिकंजा कसना शुरू कर दिया था. तब से लेकर अब तक आयकर विभाग ने 1100 करोड़ रुपये की नकदी और जेवर जब्त कर लिए. जो संभावित रूप से मतदाताओं को प्रभावित कर सकते थे.

सूत्रों के अनुसार, सबसे अधिक जब्ती के मामले में राजधानी दिल्ली और कर्नाटक में सामने आए हैं. जहां प्रत्येक राज्य में 200 करोड़ रुपये से अधिक की नकदी और आभूषण जब्त किए गए हैं. वहीं दूसरे स्थान पर तमिलनाडु रहा, जहां 150 करोड़ रुपये की जब्ती हुई. इसके बाद आंध्र प्रदेश, तेलंगाना और ओडिशा में सामूहिक रूप से 100 करोड़ रुपये से अधिक की नकदी और आभूषण जब्त किए गए हैं.

बता दें कि भारत के चुनाव आयोग ने 16 मार्च को 2024 के लोकसभा चुनाव के लिए चुनावी प्रक्रिया शुरू होने की घोषणा की, इसी के साथ देशभर में 16 मार्च से आचार संहिता लागू हो गई. दिशानिर्देशों का पालन सुनिश्चित करने के लिए केंद्रीय एजेंसियों को हाई अलर्ट पर रखा गया है, जो आंदोलन की निगरानी पर ध्यान केंद्रित कर रहे हैं. बता दें कि नकदी, शराब, मुफ्त वस्तुएं, ड्रग्स, आभूषण और अन्य वस्तुएं जो मतदाताओं को प्रभावित कर सकती हैं.

प्रत्येक राज्य ने नकदी की अवैध आवाजाही की जांच करने के लिए 24&7 नियंत्रण कक्ष स्थापित किए हैं, जिसका उपयोग राजनेताओं द्वारा चुनावों में किया जा सकता है. एमसीसी सभी राजनीतिक दलों और उम्मीदवारों पर लागू होता है, जिसका उद्देश्य अनैतिक प्रथाओं को रोकना और नैतिक आचरण को बढ़ावा देना है.

बता दें कि चुनाव की आचार संहिता के दौरान कोई भी व्यक्ति 50,000 रुपये से अधिक नकदी या 10,000 रुपये से अधिक मूल्य की नई वस्तुएं बिना किसी सहायक दस्तावेज़ के ले जाते हुए पाए जाता है. उसे आयकर विभाग जब्त कर लेता है. यदि व्यक्ति यह साबित करने वाले वैध दस्तावेज़ प्रदान करता है कि सामान का चुनाव से कोई संबंध नहीं है तो उसे वापस कर दिया जाएगा. हालांकि, यदि जब्त की गई नकदी 10 लाख रुपये से अधिक है, तो इसे आगे की जांच के लिए आयकर विभाग को भेज दिया जाएगा.

## आदिवासी मेडिकल छात्रा की आत्महत्या के मामले में 3 डॉक्टरों की याचिका खारिज, लगा जुर्माना

**मुंबई । आरएनएस**

महाराष्ट्र की राजधानी मुंबई में बीवाईएल नायर अस्पताल की 3 महिला डॉक्टरों को आदिवासी छात्रा की आत्महत्या के मामले में विशेष अनुसूचित जाति और जनजाति कोर्ट ने राहत देने से इंकार कर दिया।डॉक्टरों पर 26 वर्षीय मेडिकल छात्रा पायल तड़वी को आत्महत्या के लिए उकसाने का मामला दर्ज किया गया है। डॉक्टरों ने अप्रैल, 2022 में डिस्चार्ज याचिका दायर की थी।कोर्ट ने तीनों डॉक्टरों पर 25,000-25,000 रुपये का जुर्माना भी लगाया है।

रिपोर्ट के मुताबिक, तीनों आरोपी अस्पताल की वरिष्ठ डॉक्टर हैं। इनमें डॉ. अंकिता खंडेलवाल, डॉ. भक्ति मेहारे और डॉ. हेमा आहूजा शामिल हैं।कोर्ट ने आदेश दिया है कि 20 जून को होने वाली अगली सुनवाई से पहले यह रकम तड़वी के परिवार को मिलनी चाहिए।कोर्ट ने मामले की सुनवाई शुरू करने से पहले अगली तारीख पर आरोप तय करने के भी आदेश दिए हैं। तीनों ने कोर्ट में खुद को बेकसूर बताया है।

पायल तड़वी अस्पताल में द्वितीय वर्ष की छात्रा थीं। उन्होंने 22 मई, 2019 को अपनी जान दे दी थी। उनके परिवार ने तीनों डॉक्टरों पर तड़वी को प्रताड़ित करने का आरोप लगाया था।परिवार का कहना है कि तीनों डॉक्टरों ने आदिवासी समुदाय से होने के कारण तड़वी को परेशान किया। हालांकि, तीनों ने कोर्ट को बताया कि वह नहीं जानती थीं कि तड़वी आदिवासी समुदाय से है।पीड़ित परिवार के वकील ने कोर्ट में सुसाइड नोट भी दिखाया है।

## अरविंद केजरीवाल 2 जून को करेंगे सरेंडर : भावुक अपील में बोले- मेरे बुजुर्ग माता-पिता का ध्यान रखना

**नईदिल्ली । आरएनएस**

शराब नीति मामले में कोर्ट से राहत नहीं मिलने के बाद दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल 2 जून को सरेंडर करेंगे।आज उन्होंने भावुक संदेश जारी कर दिल्ली की जनता से कई अपील की। उन्होंने कहा कि वे चाहे जेल के अंदर रहे या बाहर, लेकिन दिल्ली की जनता का काम नहीं रुकने देंगे।बता दें कि केजरीवाल की अंतरिम जमानत की अवधि 2 जून को खत्म हो रही है।

केजरीवाल ने कहा, सुप्रीम कोर्ट ने मुझे चुनाव प्रचार करने के लिए 21 दिन की मोहलत दी थी। कल 21 दिन पूरे हो रहे हैं। परसों मुझे सरेंडर करना है, परसों मैं वापस तिहाड़ जेल चला जाऊंगा। मुझे नहीं पता ये लोग इस बार मुझे कब तक जेल में रखेंगे, लेकिन मेरे हौसले बुलंद हैं। देश को तानाशाही से बचाने के लिए जेल जा रहा हूं, इसका मुझे फख्र है।

केजरीवाल ने कहा, इन्होंने मुझे कई तरह से तोडऩे की, झुकाने की और चुप करने की कोशिश की, लेकिन ये सफल नहीं हुए। जब मैं जेल में था तो इन्होंने मुझे कई तरह से प्रताड़ित किया। इन्होंने मेरी दवाइयां रोक दीं। मैं 20 साल से शुगर का मरीज हूं। पिछले 10 सालों से मुझे रोज इंसुलिन के इंजेक्शन लगते हैं। इन्होंने कई दिन तक इंसुलिन के इंजेक्शन बंद कर दिए। मेरा शुगर लेवल 300 तक पहुंच गया।

केजरीवाल ने कहा, हो सकता है कि इस बार वह मुझे और अधिक प्रताड़ित करेंगे, लेकिन मैं झुकुंगा नहीं। आप आपना खयाल रखना। आप खुश रहेंगे तो आपका केजरीवाल भी खुश रहेगा। मैं आपके बीच नहीं रहूंगा, लेकिन आपके सारे काम चलते रहेंगे। मैं चाहे जहां रहूं, दिल्ली के काम नहीं रुकने दूंगा। मोहल्ला क्लीनिक, मुफ्त दवाईयां, मुफ्त बिजली, मुफ्त बस यात्रा सहित सारे काम चलते रहेंगे। लौट कर हर मां-बहन को हर महीने 1,000 रुपये देने की शुरूआत करूंगा।

केजरीवाल ने कहा, मैंने हमेशा आपके परिवार का बेटा बनकर अपना फर्ज निभाया है। आज मैं अपने परिवार के लिए आपसे कुछ मांगना चाहता हूं। मेरे माता-पिता बहुत बुजुर्ग हैं, मेरी मां बहुत बीमार रहती हैं, मुझे जेल में उनकी बहुत चिंता रहती है। उन्होंने कहा, मेरे पीछे मेरे माता-पिता का ध्यान रखना, उनके लिए दुआ करना, भगवान से प्रार्थना करना, दुआ में बड़ी ताकत होती है। चाहा तो आपका ये बेटा बहुत जल्द वापस आएगा।



केजरीवाल शराब नीति मामले में जेल में बंद थे। उन्होंने सुप्रीम कोर्ट में जमानत के लिए याचिका दायर की थी। इस पर कोर्ट ने उन्हें चुनाव प्रचार के लिए नियमित की जगह 21 दिनों के लिए अंतरिम जमानत दी थी। कोर्ट ने केजरीवाल को 2 जून को सरेंडर करने को कहा था।हालांकि, केजरीवाल ने जमानत अवधि बढ़ाए जाने को लेकर अपील दायर की थी, जिसे खारिज कर दिया गया था।

### स्वाति मालीवाल से मारपीट मामले में अरविंद केजरीवाल के पीए को 14 दिन की न्यायिक हिरासत

**नईदिल्ली (आरएनएस)।** आम आदमी पार्टी की राज्यसभा सांसद स्वाति मालीवाल से मारपीट के आरोपी मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल के निजी सहायक (पीए) बिभव कुमार को कोर्ट से राहत नहीं मिली।दिल्ली की तीस हजारी कोर्ट ने कुमार को 14 दिन की न्यायिक हिरासत में भेजा है। उनको 3 दिन की पुलिस हिरासत खत्म होने के बाद शुक्रवार को कोर्ट लाया गया था।मेट्रोपॉलिटन मजिस्ट्रेट गौरव गोयल ने दिल्ली पुलिस की ओर से कुमार को न्यायिक हिरासत में भेजने की मांग स्वीकार की। कुमार के वकील की ओर से दिल्ली के सत्र कोर्ट में जमानत याचिका दाखिल की गई थी, जिसे सोमवार को नामंजूर कर दिया गया था।इसके अलावा शुक्रवार को दिल्ली हाई कोर्ट ने कुमार की उस याचिका को सुनवाई करने और न करने को लेकर अपना फैसला सुरक्षित रख लिया है, जिसमें उन्होंने अपनी गिरफ्तारी को चुनौती दी है।दिल्ली पुलिस की ओर से याचिका पर विरोध जताया गया था और इसे सुनवाई योग्य नहीं बताया था। स्वाति मालीवाल ने आरोप लगाया है कि 13 मई की सुबह जब वह अरविंद केजरीवाल से मिलने उनके आवास पर गई थीं, तब केजरीवाल के पीए बिभव कुमार ने उनके साथ मारपीट की।उनका आरोप है कि बिभव ने उन्हें 7-8 थप्पड़ मारे, उनके पेट और छाती पर लातें मारीं, गालियां दीं और जान से मारने की धमकी दी।इसके अलावा उन्होंने बिभव पर सिर मेज पर मारने और उनकी शर्ट को खींचने का आरोप भी लगाया है।